दिन– मंगलवार	दिनांक– 20 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार के लाभुकों की प्रतीक्षा सूची समाप्त। वर्ष दो हजार सोलह से अब तक पचास लाख से अधिक आवासों की मिली स्वीकृति।

02. निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने चुनाव प्रक्रिया में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ संवाद बनाये रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत एक हजार करोड़ रूपये की लागत वाली तेरह सौ से अधिक योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

04. और, आज से दक्षिण बिहार के मौसम में बदलाव के आसार। मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्वी चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की जतायी आशंका।

————————————————————

प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार के लाभुकों की प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गयी है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लिखे एक पत्र में यह जानकारी दी। पत्र में कहा गया है कि योजना के तहत वर्ष दो हजार सोलह से अब तक राज्य को पचास लाख बारह हजार सात सौ बावन आवास की स्वीकृति दी गयी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में बिहार में पांच लाख बीस हजार नये आवास के निर्माण को मंजूरी दी गयी है।

————————————————————

निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। वैशाली में चुनाव तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सभी सहभागी पक्षों की राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता है। डॉक्टर जोशी ने अधिकारियों को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद बनाये रखने की आवश्यकता जतायी। उन्होंने मतदाता सूची की शुद्धता पर विशेष रूप से ध्यान देने का सुझाव दिया। निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर जोशी चार दिनों की बिहार यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने, पटना, मोतिहारी, वाल्मीकिनगर और वैशाली में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।

————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट के छठे चरण का प्रशिक्षण कल से पटना में शुरू होगा। इस चरण में बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई और नालंदा जिले के बूथ लेवल एजेंट को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत एक हजार करोड़ रूपये की लागत वाली तेरह सौ से अधिक योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना के अन्तर्गत ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों के जलस्तर की रियल टाईम निगरानी के लिए नई व्यवस्था का उद्घाटन करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था से पटना के नालों का पानी ओवर फ्लो होने से पहले ही अलार्म बजेगा और ओटोमेटिक पंप चालू होने से अतिरिक्त पानी बाहर निकाल दिया जायेगा।

———————————————————————

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य में जल्द ही कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय खुलेगा। एपीडी के अध्यक्ष अभिषेक देव ने पटना में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय खरीदार– विक्रेता सम्मलेन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यालय के खुल जाने से राज्य के किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह खान और भू–तत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सफेद बालू घाट का बंदोबस्त नहीं होने के कारणों की जांच के लिए प्रत्येक जिले में एक कमिटी का गठन किया जायेगा। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि यह कमिटी उन कारणों की पहचान करेंगी, जिसके चलते सफेद बालू घाट बंदोबस्त प्रक्रिया से वंचित रह जाते हैं।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने एक लाख बारह हजार टन भण्डारण क्षमता के गोदामों के निर्माण संबंधी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान डॉक्टर कुमार ने बताया कि केन्द्र सरकार की अन्न भण्डारण योजना के तहत पचास टन से दस हजार टन की क्षमता वाले गोदामों का निर्माण करवाया जायेगा।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के प्रथम और दूसरे चरण के तहत नियुक्त ग्यारह हजार पांच सौ महिला शिक्षकों का तबादला कर दिया है। इसकी सूचना ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर दी गयी है। विभाग के अनुसार यह ऐच्छिक और अंतर जिला तबादला है।

————————————————————————

पहली से पांचवीं कक्षा तक की सक्षमता परीक्षा में हिन्दी के बदले उर्दू की परीक्षा देने वाले नियोजित शिक्षकों और छठी से आठवीं तक की सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों के योगदान पर लगी रोक को तत्काल प्रभाव से हटा लिया गया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

————————————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा छह से बारह तक के छात्रों के लिए सप्ताह में एक कक्षा स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा पर आधारित होगी। इसे स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम का नाम दिया गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र जारी किया है।

————————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा की परीक्षा में वैशाली जिले के सत्य प्रकाश ने दसवीं रैंक हासिल की है। वे विदुपुर प्रखंड के मधुरापुर गांव के रहने वाले हैं।

————————————————————————

मौसम विभाग के अनुसार आज से दक्षिण बिहार के मौसम में बदलाव के आसार हैं। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, अरवल, पटना, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर, खगड़िया और लखीसराय जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, इस अवधि में सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्वी चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की आशंका है।

———बाइट———

इस बीच, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि आज सुबह से ही दरभंगा, सीतामढी, मधुबनी और अररिया जिले में कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बारिश हो रही है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। ज्यादातर स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है।

———————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर नायब सूबेदार बाना सिंह के अदम्य साहस का स्मरण कर रहे हैं।

———कट———

———————————————————————————

मैथिली की जानी–मानी साहित्यकार नीरजा रेणु का इलाज के दौरान पटना में निधन हो गया। वे अस्सी वर्ष की थीं। मूल रूप से मधुबनी की रहने वाली रेणु को वर्ष दो हजार तीन में मैथिली कथा संग्रह ऋतम्भरा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके निधन पर साहित्य जगत से जुड़ों लोगों ने गहरा शोक जताया है।

———————————————————————————

गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने नई दिल्ली से सहरसा, गया से उधना, मुजफ्फरपुर से आनंद विहार और दरभंगा से दिल्ली के बीच एक–एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन के परिचालन का फैसला किया है। इन रेलगाड़ियों का परिचालन अलग–अलग तिथियों को होगा। इधर, रेलवे ने निर्माण कार्य के चलते गोरखपुर–पाटलिपुत्र के बीच प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन को चार दिसम्बर तक रद्द कर दिया है।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने समस्तीपुर सदर अस्पताल के हेल्थ मैनेजर विश्वजीत रामानंद को चार हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी एक कर्मी का वेतन जारी करने के लिए घूस ले रहा था।

———————————————————————————

सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र के गौतम स्थान रेलवे स्टेशन के पास एक पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के टमटम पड़ाव के पास अपराधियों ने भूमि विवाद में वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के तुरकौलिया में पुलिस ने अभियान चलाकर छह शराब तस्तरों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सहरसा जिला के बनमा–इटहरी थाना क्षेत्र के कासिमपुर टोलवा के पास पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई झड़प में छह पुलिसकर्मी घायल हो गये। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————————————

एसटीएफ की टीम ने कैमूर जिले के कुख्यात अपराधी मोहम्मद दानिश को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर कई मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

पूर्णियां जिले के सरसी थाना क्षेत्र के लिबरी पुल के पास अपराधियों ने पांच मवेशी व्यापारियों से साढ़े तीन लाख रूपये लूट लिये। विरोध करने पर अपराधियों ने एक व्यापारी को गोली मारकर घायल कर दिया।

———————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के कोटवा से पुलिस ने चार किलो अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार के तीन सौ पन्द्रह प्रखंडों में उद्यान अधिकारी नियुक्त

दैनिक जागरण ने लिखा है– राहुल गांधी ने पूछा, हमारी वायु सेना ने कितने विमान खोए।

प्रभात खबर लिखता है– हैदराबाद दहलाने की साजिश नाकाम, दो आतंकी गिरफ्तार।

दैनिक भास्कर ने भारतीय सेना के हवाले से लिखा है– गोल्डेन टेंपल पर पाक का ड्रोन हमला नाकाम किया था।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं–पारंपरिक दायरे में रहा भारत–पाक संघर्ष।

आज अखबार की सुर्खी है– कोरोना वायरस, हांगकांग से थाईलैंड तक मचा हड़कंप।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार के लाभुकों की प्रतीक्षा सूची समाप्त। वर्ष दो हजार सोलह से अब तक पचास लाख से अधिक आवासों की मिली स्वीकृति।

02. निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने चुनाव प्रक्रिया में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ संवाद बनाये रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत एक हजार करोड़ रूपये की लागत वाली तेरह सौ से अधिक योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

04. और, आज से दक्षिण बिहार के मौसम में बदलाव के आसार। मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्वी चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की जतायी आशंका।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।